मैंने पूछा हज़ारों बार मगर एक बार नहीं बोले भजन लिरिक्स

मैंने पूछा हज़ारों बार,
मगर एक बार नहीं बोले,
मेरे आंसू बहे हर बार,
मगर एक बार नहीं बोले,
मैने पूछा हज़ारों बार,
मगर एक बार नहीं बोले।bd।

तर्ज – हम भूल गए रे हर बात।

जब रिश्ता ये मंज़ूर ना था,
तो क्यों मुझको अनाया था,
जब साथ मेरा नहीं देना था,
क्यों मुझको गले लगाया था,
क्या मेरा नहीं अधिकार,
मगर एक बार नहीं बोले,
मैने पूछा हज़ारों बार,
मगर एक बार नहीं बोले।bd।

हारे के साथी हो तुम तो,
मुझे माँ ने बताया बचपन से,
ज़रा याद करो वो वादा जो,
तुमने किया अपनी माँ से,
क्यों हारूँ मैं ही हर बार,
मगर एक बार नहीं बोले,
मैने पूछा हज़ारों बार,
मगर एक बार नहीं बोले।bd।

हारा हुआ जो भी आता है,
तेरे दर से जीत के जाता है,
ये कहते दुनिया वाले है,
पर मुझको समझ नहीं आता है,
मैं हार गया रे कई बार,
मगर एक बार नहीं बोले,
मैने पूछा हज़ारों बार,
मगर एक बार नहीं बोले।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुम कोशिश कुछ भी करलो प्रभु,
मैं द्वार तेरा ना छोड़ूंगा,
अंतिम स्वासें जीवन की प्रभु,
मैं द्वार पे तेरे तोड़ूंगा,
'अन्नू' जान लो तुम इस बार,
ये बातें झूठ नहीं बोले,
मैने पूछा हज़ारों बार,
मगर एक बार नहीं बोले।bd।

मैंने पूछा हज़ारों बार,
मगर एक बार नहीं बोले,
मेरे आंसू बहे हर बार,
मगर एक बार नहीं बोले,
मैने पूछा हज़ारों बार,
मगर एक बार नहीं बोले।bd।

Singer – Sanjeev Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com